झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

आकांक्षा केन्द्र में नामांकन हेतु आकांक्षा परीक्षा, 2026 के प्रथम चरण में चयनित छात्र/छात्राओं के लिए द्वितीय चरण की परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – 30/2026

भारत सरकार, राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त सरकारी एवं निजी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल महाविद्यालयों तथा CLAT में प्रवेश के लिए आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा आकांक्षा केन्द्र संचालित है। उक्त केन्द्र में नामांकन हेतु आकांक्षा परीक्षा, 2026 की प्रथम चरण की परीक्षा दिनांक 08.03.2026 को आयोजित की गई थी एवं मेधा सूची का प्रकाशन दिनांक 08.04.2026 को ऑनलाइन किया गया था। उक्त मेधा सूची में चयनित छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं संबंधित प्रधानाध्यापकों को सूचित किया जाता है कि आकांक्षा परीक्षा, 2026 के द्वितीय चरण की परीक्षा राज्य मुख्यालय राँची में निम्नवत् कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी :–

क्र0 सं0	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
01.	परिषद् वेबसाइट से प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने की तिथि	**15.05.2026**
02.	परीक्षा की तिथि	**21.05.2026** **(पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 2:15 बजे तक)**
03.	परीक्षा केन्द्र	**ST. ANNE GIRLS HIGH SCHOOL, RANCHI**

परीक्षा का स्वरुप

Sl. No.	Exam	Subject	No. of Question	Marks
01.	ENGINEERING	PHYSICS	40	40
		CHEMISTRY	40	40
		MATH	40	40
		MAT (Mental Ability Test)	40	40
02.	MEDICAL	PHYSICS	40	40
		CHEMISTRY	40	40
		BIOLOGY	40	40
		MAT (Mental Ability Test)	40	40
03.	CLAT	ENGLISH	40	40
		GENERAL KNOWLEDGE	40	40
		GENERAL STUDIES	40	40
		MAT (Mental Ability Test)	40	40

- यह परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Sheet) पर ली जाएगी।
- परीक्षा में उपयोग में लाये जानेवाले प्रश्नपत्रों पर Series (S/T/U/V) अंकित होगा। परीक्षार्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Sheet) में प्रश्नपत्र की Series आवश्यक रुप से भरेंगे। अन्यथा की स्थिति में उनके ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Sheet) का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा और इसके लिये वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।
- सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आकांक्षा परीक्षा के प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित छात्र/छात्राओं की मेधा सूची उपलब्ध कराई गई है। उनसे अनुरोध होगा कि द्वितीय चरण की परीक्षा के संदर्भ में सभी आवश्यक जानकारियाँ चयनित छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों या संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक रुप से दिया जाय। ताकि चयनित छात्र/छात्रा द्वितीय चरण की परीक्षा में ससमय सम्मिलित हो सके।
- परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक दिशा–निर्देश/मानक संचालन निदेर्शिका परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है, का अवलोकन आवश्यक रुप से कर लिया जाये।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/Gop/6260/22-Secy/379/26
Dt. : 11.05.2026